"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 514] रायपुर, शुक्रवार, दिनांक 6 अक्टूबर 2023 — अश्विन 14, शक 1945

विधि और विधायी कार्य विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

छत्तीसगढ़ जिला न्यायपालिका स्थापना

(भर्ती एवं सेवा शर्तें)

रायपुर, दिनांक 6 अक्टूबर 2023

कर्मचारी नियम, 2023

क्रमांक 11820/3539/21–ब/छ.ग./2023.—भारत के संविधान के अनुच्छेद 309 के परंतुक द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए छत्तीसगढ़ के राज्यपाल छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश से विमर्श उपरांत एतद्द्वारा छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के अधीक्षण के अंतर्गत जिला न्यायपालिका स्थापना के कर्मचारियों की भर्ती एवं सेवा शर्तों के विनियमन हेतु निम्नलिखित नियम निर्मित करते हैः–

भाग–I
सामान्य

1– संक्षिप्त नाम तथा प्रारंभः–

(1)	ये नियम "छत्तीसगढ़ जिला न्यायपालिका स्थापना (भर्ती एवं सेवा शर्तें) कर्मचारी नियम, 2023" कहलायेंगे।
(2)	ये नियम छत्तीसगढ़ राजपत्र में इनके प्रकाशन की तिथि से प्रभावी होंगे।

2– विस्तार एवं प्रयुक्तिः–

ये नियम जिला न्यायपालिका की सेवा के समस्त सदस्यों पर छत्तीसगढ़ लोक सेवाएं (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 में समाहित उपबंधों की व्यापकता पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना लागू होंगे।

3– परिभाषाएंः–

इन नियमों में, जब तक कि विषय या संदर्भ में कुछ भी प्रतिकूल न हो –

(1)	**"नियुक्ति प्राधिकारी"** से अभिप्रेत है उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल अथवा संबंधित जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश अथवा कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश/न्यायाधीश अथवा वाणिज्यिक न्यायालय (जिला स्तर) के न्यायाधीश, जैसा कि इन नियमों की अनुसूची–III में विनिर्दिष्ट है।
(2)	(क) **"अपीलीय प्राधिकारी"** से अभिप्रेत है अनुसूची–III में परिभाषित अपीलीय प्राधिकारी। (ख)**"पुनर्विलोकन प्राधिकारी"** से अभिप्रेत है अनुसूची–III में परिभाषित पुनर्विलोकन प्राधिकारी।
(3)	**"संवर्ग"** से अभिप्रेत है एक पृथक इकाई के रूप में स्वीकृत पदों की कुल संख्या/समूह, जैसा कि इन नियमों के साथ संलग्न अनुसूची–I एवं अनुसूची–II में दर्शित है।
(4)	**"मुख्य न्यायाधीश"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश।
(5)	**"भारत का नागरिक"** से अभिप्रेत है ऐसा व्यक्ति जो भारत के संविधान के भाग–II के अंतर्गत भारत का नागरिक है अथवा माना जाता है।

(6)	**"समिति"** से अभिप्रेत है इन नियमों को प्रभावी बनाने के उद्देश्य से गठित कोई समिति, यदि हो तो।
(7)	**"आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाला कर्मचारी"** से अभिप्रेत है जिला न्यायपालिका स्थापना का ऐसा कर्मचारी जैसा कि **"आकस्मिकता** निधि से वेतन प्राप्त करने वाले (जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्थापना) कर्मचारियों की भर्ती तथा सेवा शर्तों से संबंधित नियम, 1980" में परिभाषित है।
(8)	**"आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाला स्थायी कर्मचारी"** से अभिप्रेत है जिला न्यायपालिका स्थापना का ऐसा कर्मचारी जैसा कि "आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाले (जिला एवं सत्र न्यायाधीश स्थापना) कर्मचारियों की भर्ती तथा सेवा शर्तों से संबंधित नियम, 1980" में परिभाषित है।
(9)	**"विभागीय पदोन्नति समिति"** से अभिप्रेत है इन नियमों के नियम 22 में यथा विनिर्दिष्ट समिति।
(10)	**"प्रतिनियुक्ति"** से अभिप्रेत है जिला न्यायपालिका स्थापना अथवा छत्तीसगढ़ राज्य शासन के अन्य विभागों से राज्य के जिला न्यायपालिका स्थापना में नियमानुसार निश्चित अवधि हेतु अस्थायी तौर पर उधार लिए गए कर्मचारियों की सेवाएँ अथवा जिला न्यायपालिका स्थापना अथवा छत्तीसगढ़ राज्य शासन के अन्य विभागों को नियमानुसार निश्चित अवधि हेतु अस्थायी तौर पर उधार दिए गए कर्मचारियों की सेवाएँ।
(11)	**"अनुशासनिक प्राधिकारी"** से अभिप्रेत है इन नियमों के अन्तर्गत ऐसा प्राधिकारी जैसा कि अनुसूची–III में विनिर्दिष्ट है।
(12)	(क) **"जिला एवं सत्र न्यायाधीश"** से अभिप्रेत है संबंधित सिविल जिले के जिला एवं सत्र न्यायाधीश। (ख) **"प्रधान न्यायाधीश/न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय"** से अभिप्रेत है संबंधित सिविल जिले के कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश/न्यायाधीश। (ग) **"न्यायाधीश, वाणिज्यिक न्यायालय (जिला स्तर)"** से अभिप्रेत है संबंधित जिले के वाणिज्यिक न्यायालय (जिला स्तर) के न्यायाधीश।
(13)	**"सेवा के सदस्य"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ जिला न्यायपालिका स्थापना में नियुक्त छत्तीसगढ़ जिला न्यायपालिका कर्मचारी सेवा का कोई **"व्यक्ति"** अथवा **"न्यायालय/स्थापना का कर्मचारी"** जैसा कि अनुसूची–I एवं अनुसूची–II में समय–समय पर यथा संशोधित विनिर्दिष्ट है।
(14)	**"स्थापना"** से अभिप्रेत है जिला न्यायपालिका के न्यायालय की स्थापना।
(15)	**"परीक्षा"** से अभिप्रेत है जिला न्यायपालिका के किसी न्यायालय की स्थापना में अभ्यर्थियों के चयन हेतु किसी जिला न्यायपालिका की स्थापना द्वारा आयोजित परीक्षा।
(16)	**"परीक्षा समिति"** से अभिप्रेत है जिला न्यायपालिका में अभ्यर्थियों की भर्ती हेतु चयन प्रक्रिया के नियंत्रण, निरीक्षण तथा निगरानी हेतु **कार्यालय प्रमुख** द्वारा गठित समिति।
(17)	**"शासन"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ शासन।
(18)	"राज्यपाल" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ के राज्यपाल।

(19)	**"समूह (ग्रुप)"** से अभिप्रेत है पदों का वर्गीकरण।
(20)	**"उच्च न्यायालय"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ का उच्च न्यायालय।
(21)	किसी कर्मचारी के संबंध में **"परिवार के सदस्य"** से अभिप्रेत है उस कर्मचारी की/का पत्नी/पति, मृत कर्मचारी की/का विधवा/विधुर, कर्मचारी के साथ रहने वाले अथवा उस पर आश्रित संतान, सौतेली संतान, माता, पिता, सौतेली माता अथवा सौतेला पिता।
(22)	**"चिकित्सकीय प्राधिकारी"** से अभिप्रेत है प्रत्येक जिले हेतु राज्य शासन द्वारा गठित जिला चिकित्सा बोर्ड।
(23)	**"पद"** से अभिप्रेत है इन नियमों के अनुसूची–I एवं अनुसूची–II में तथा उल्लिखित पद।
(24)	**"मान्यता प्राप्त मण्डल (बोर्ड)"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मण्डल, रायपुर अथवा केन्द्र शासन अथवा किसी अन्य राज्य शासन से मान्यता प्राप्त मण्डल अथवा समकक्ष निकाय।
(25)	**"शीघ्रलेखन व मुद्रलेखन परीक्षा के मान्यता प्राप्त मण्डल"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ शीघ्रलेखन व मुद्रलेखन परीक्षा मण्डल, रायपुर अथवा छत्तीसगढ़ शासन अथवा किसी अन्य राज्य शासन द्वारा मान्यता प्राप्त समकक्ष मण्डल अथवा निकाय।
(26)	**"मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय"** से अभिप्रेत है भारत सरकार/शासन द्वारा मान्यता प्राप्त कोई भी विश्वविद्यालय अथवा भारत के विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय अथवा अन्य विश्वविद्यालय अथवा भारत सरकार द्वारा ऐसी मान्यता प्रदान करने हेतु स्थापित अन्य कोई निकाय।
(27)	**"रजिस्ट्रार जनरल"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल।
(28)	**"रजिस्ट्री"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय की रजिस्ट्री।
(29)	**"नियमित कर्मचारी"** से अभिप्रेत है जिला न्यायपालिका स्थापना में आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाले पदों से भिन्न नियमित नियोजन में स्थायी अथवा अस्थायी पद धारण करने वाला शासकीय सेवक।
(30)	**"अस्थायी पद"** से अभिप्रेत है किसी सीमित अवधि हेतु वेतन के निश्चित दर वाला पद।
(31)	**"अनुसूची"** से अभिप्रेत है इन नियमों के साथ संलग्न प्रत्येक अनुसूची।
(32)	**"अन्य पिछड़ा वर्ग"** से अभिप्रेत है राज्य शासन द्वारा समय–समय पर अन्य पिछड़ा वर्ग घोषित किए गए जाति, प्रजाति एवं समुदाय।
(33)	**"अनुसूचित जाति"** से अभिप्रेत है भारत के संविधान के अनुच्छेद 341 के अंतर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के संबंध में अनुसूचित जाति के तौर पर विनिर्दिष्ट जाति, प्रजाति अथवा जनजाति अथवा किसी जाति, प्रजाति अथवा जनजाति का कोई भाग या उसमें कोई समूह।
(34)	**"अनुसूचित जनजाति"** से अभिप्रेत है भारत के संविधान के अनुच्छेद 342 के अन्तर्गत छत्तीसगढ़ राज्य के संबंध में अनुसूचित जनजाति के तौर पर विनिर्दिष्ट जनजाति, जनजातीय समुदाय अथवा किसी जनजाति अथवा जनजातीय समुदाय का कोई भाग या उसमें कोई समूह।
(35)	**"सेवा"** से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ जिला न्यायपालिका कर्मचारी सेवा।
(36)	**"दिव्यांग"** से अभिप्रेत है 'दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016' के उपबंधों के अध्यधीन व्यक्ति।

(37)	"राज्य" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ राज्य।
(38)	"जिला न्यायपालिका" से अभिप्रेत है छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के नियंत्रण के अधीन राज्य के समस्त न्यायालय।
(39)	"भर्ती का वर्ष" से अभिप्रेत है एक ही वर्ष की 1 जनवरी से लेकर 31 दिसम्बर तक।

भाग–II

4– सेवा का गठनः–

(1)	" छत्तीसगढ़ जिला न्यायपालिका कर्मचारी सेवा" का गठन इन नियमों के प्रारम्भ होने की तिथि पर तथा उस तिथि से होगा।
(2)	इन नियमों के प्रारंभ होने की तिथि पर तथा उस तिथि से, अनुसूची –IV के स्तंभ –(2) में विनिर्दिष्ट पदों का वर्तमान वर्ग उसके स्तंभ –(3) में तत्स्थानी प्रविष्टि में विनिर्दिष्ट पदों (संवर्गों) के वर्ग के तौर पर अभिहित होगा।
(3)	छत्तीसगढ़ जिला न्यायपालिका कर्मचारी सेवा मे निम्नलिखित व्यक्ति समाहित होंगे :- (i) इन नियमों के प्रारंभ होने के समय पर अनुसूची – I व अनुसूची – II मे यथा विनिर्दिष्ट पदों पर स्थायी रूप से अथवा स्थानापन्न रूप से आसीन व्यक्ति । (ii) इन नियमों के प्रारंभ होने से पूर्व सेवा में भर्ती हो चुके व्यक्ति; तथा (iii)इन नियमों के उपबन्धों के अनुरूप सेवा में भर्ती किए गए व्यक्ति

5– वर्गीकरण, वेतनमानः–

(1)	सेवा का वर्गीकरण तथा उससे संबंधित वेतनमान अनुसूची – I में यथा विनिर्दिष्ट होंगे।
(2)	सेवा के सदस्यों को राज्य शासन के वित्त विभाग द्वारा समय–समय पर जारी परिपत्रों के उपबन्धों के अन्तर्गत समयमान वेतन (टाइम स्केल पे) की पात्रता होगी।

भाग–III

भर्ती

6– भर्ती का तरीका :–

इन नियमों के प्रारंभ होने के पश्चात् सेवा में भर्ती निम्नलिखित तरीकों से की जाएगी, अर्थात् ;

(1)	सीधी भर्ती द्वारा – अनुसूची–I व अनुसूची–II में दर्शित पदों हेतु प्रतियोगी लिखित परीक्षा उपरान्त कौशल परीक्षा तथा/अथवा साक्षात्कार के माध्यम से सीधी भर्ती द्वारा ।
(2)	पदोन्नति द्वारा – अनुसूची–I व अनुसूची–II में यथा विनिर्दिष्ट, सेवा के सदस्यों की पदोन्नति द्वारा ।
(3)	स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति द्वारा – ऐसे व्यक्तियों के स्थानांतरण/प्रतिनियुक्ति द्वारा, जो ऐसी सेवाओं में ऐसे पदों को मूल/स्थानापन्न हैसियत से धारण करते हो, जैसा कि इस निमित्त मुख्य न्यायाधीश द्वारा विनिर्दिष्ट किया जाए ।

(4)	<u>संविलियन द्वारा</u> –ऐसे व्यक्तियों के संविलियन द्वारा, जो संविदात्मक/तदर्थ/स्थानापन्न के रूप में समवर्ती पद पर समकक्ष योग्यता रखते हुए जैसा की नियम के अनुसूची–I व II में निर्धारित है तथा जो मुख्य न्यायाधीश के द्वारा, अभ्यर्थी की योग्यता तथा सेवा अवधि के अध्यधीन, उचित समझे जाएं।

7– <u>सेवा में नियुक्ति :–</u>

इन नियमों के प्रारंभ उपरान्त ग्रूप–"B", ग्रूप–"C" तथा ग्रूप–"D" के पदों हेतु केवल अनुकम्पा नियुक्ति को छोड़कर अन्य सभी नियुक्तियाँ नियुक्ति प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख द्वारा की जाएँगी तथा अनुकम्पा नियुक्ति द्वारा भरे जाने वाले पदों को छोड़कर अन्य पदों हेतु कोई भी नियुक्ति इन नियमों में विनिर्दिष्ट भर्ती के तरीकों के अलावा किसी अन्य तरीके से नहीं की जाएगी।

परन्तु यह कि मृतक 'सेवा के सदस्य' के परिवार के पात्र सदस्य की अनुकम्पा नियुक्ति, इस संबंध मे शासन तथा उच्च न्यायालय द्वारा समय–समय पर जारी अनुदेशों के अनुसार की जाएगी।

<u>टिप्पणी</u>– परिणाम के अंतिम चरण में दो या दो से अधिक अभ्यर्थियों द्वारा समान अंक प्राप्त किए जाने की स्थिति में अभ्यर्थियों की आयु सेवा में चयन हेतु मापदण्ड होगी अर्थात् अधिक आयु वाला अभ्यर्थी चयन हेतु पात्र होगा। यदि अभ्यर्थियों की आयु भी समान हो तो उनके द्वारा लिखित परीक्षा में अर्जित अंक इस हेतु मापदण्ड होगा।

<u>सीधी भर्ती द्वारा नियुक्ति</u>

8– <u>सीधी भर्ती हेतु पात्रता:–</u>

चयन हेतु पात्र होने के लिए किसी अभ्यर्थी को निम्नलिखित शर्तों को पूर्ण करना होगा, अर्थात्;

(1) वह भारत का नागरिक हो;

(2) उसने 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर ली है परन्तु शासन द्वारा विनिर्दिष्ट अधिकतम आयु पूर्ण नहीं की है;

(3) अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला वर्ग, भूतपूर्व सैनिक इत्यादि वर्गों के सदस्यों हेतु उच्चतर आयु सीमा शासन द्वारा यथा विनिर्दिष्ट शिथिलनीय होगी;

(4) विधवा, निराश्रित एवं तलाकशुदा, महिला अभ्यर्थियों हेतु भी उच्चतर आयु सीमा शिथिलनीय होगी;

<u>स्पष्टीकरण</u> – किसी महिला को निराश्रित माना जाएगा यदि उसके पास आय का कोई स्त्रोत नहीं है तथा उसका पति तथा उसके अभिभावक उसकी वित्तीय सहायता नहीं करते अथवा जिसके पास आय का कोई स्त्रोत है परन्तु उसकी आय राज्य शासन द्वारा निर्धारित धनराशि से अधिक नहीं है।

(5) सरकारी नीतियों के अनुसार परिवर्तन के अध्यधीन शासन द्वारा यथा विनिर्दिष्ट उन अभ्यर्थियों के संबंध में भी उच्चतर आयु सीमा शिथिलनीय होगा जो छत्तीसगढ़ शासन अथवा छत्तीसगढ़ शासन के स्वामित्व के मण्डल व निगम के स्थायी अथवा अस्थायी

कर्मचारी हैं अथवा रह चुके हैं;

(6) ''दिव्यांग'' अभ्यर्थियों के संबंध में उच्चतर आयु सीमा में शिथिलता शासन द्वारा समय-समय पर जारी आदेशों/दिशानिर्देशों के अनुसार होगी।

परंतु यह कि किसी भी स्थिति में अधिकतम आयु सीमा सभी वर्गों से सभी शिथिलताओं को सम्मिलित करते हुये भी 45 वर्ष से अधिक नहीं होगी।

9- <u>सेवा में नियुक्ति हेतु निरर्हता:-</u>

(1) कोई व्यक्ति नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा यदि वह भारत का नागरिक नहीं है।

(2) कोई व्यक्ति जिसकी/जिसका एक से अधिक पत्नी/पति जीवित हो वह सेवा में नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा।

(3) कोई अभ्यर्थी नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा जब तक उसे जिला चिकित्सा बोर्ड/सक्षम चिकित्सकीय प्राधिकारी द्वारा पद पर नियुक्ति हेतु चिकित्सकीय तौर पर स्वस्थ प्रमाणित नहीं किया गया हो।

परन्तु यह कि नियुक्ति की तिथि से 30 दिनों के भीतर चिकित्सकीय आरोग्य प्रमाण - पत्र (मेडिकल फिटनेस सर्टिफिकेट) की प्रस्तुति के अध्ययीन किसी अभ्यर्थी को अनंतिम तौर पर नियुक्त किया जा सकता है। चिकित्सा बोर्ड द्वारा सेवा हेतु अनुपयुक्त पाए जाने पर अभ्यर्थी की सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

(4) अभ्यर्थी की ओर से उसकी अभ्यर्थिता हेतु किसी भी साधन से समर्थन अभिप्राप्त करने के किसी भी प्रयास को परीक्षा समिति द्वारा उसकी भर्ती हेतु निरर्हता मानी जाएगी।

(5) कोई व्यक्ति नियुक्ति हेतु पात्र नहीं होगा यदि:-

(क) वह किसी विधि-विरूद्ध निकाय अथवा संगठन से जुड़ा हुआ है अथवा उसका सदस्य है या रह चुका है;

अथवा

(ख) ऐसी किसी गतिविधि अथवा कार्यक्रम में सम्मिलित हुआ हो या उनसे जुड़ा हुआ है -

(I) जिसका उद्देश्य भारत के संविधान का विनाश हो ;

(II) जिसका उद्देश्य हिंसा करते हुए विधि का संगठित उल्लेख अथवा विधि का विरोध करना हो;

(III) जो भारत की संप्रभुता तथा अखण्डता के हितों तथा राज्य की सुरक्षा के विपरीत हों;

अथवा

(IV) नागरिकों के विभिन्न वर्गों में धर्म, प्रजाति, भाषा, जाति अथवा समुदाय के आधार पर वैमनस्यता अथवा घृणा को बढ़ावा देता हो;

अथवा

(ग) जिसे किसी भी शासकीय सेवा में भविष्य मे नियोजन हेतु अयोग्य मानते हुए भारत सरकार अथवा किसी राज्य शासन अथवा उच्च न्यायालय के अर्न्तगत सेवा से बर्खास्त किया जा चुका हो;

अथवा

(घ) जिसे संघ लोक सेवा आयोग अथवा किसी राज्य लोक सेवा आयोग अथवा किसी उच्च न्यायालय द्वारा उसके द्वारा आयोजित किसी परीक्षा अथवा चयन में सम्मिलित होने से विवर्जित अथवा निरर्हित किया गया हो;

अथवा

(ङ.) जो नैतिक अधमता समाहित किसी अपराध में दोषसिद्धि ठहराया जा चुका हो।

10– <u>अन्य विभाग/कार्यालय में नियोजन माँगने हेतु पूर्व अनुमतिः–</u>

अन्य विभाग/कार्यालय में नियोजन हेतु आयोजित किसी भर्ती परीक्षा हेतु आवेदन कर उसमें सम्मिलित होने के लिए किसी कर्मचारी को उसके नियुक्ति प्राधिकारी से पूर्व अनुमति/अनापत्ति प्राप्त करनी होगी परन्तु समान पद अथवा समान वेतनमान हेतु ऐसी अनुमति के संबंध में विद्यमान शासकीय अनुदेशों के अनुसार विचार किया जाएगा।

11– <u>शैक्षणिक अथवा तकनीकी योग्यता के उन्नयन हेतु परीक्षा में आवेदन करने तथा सम्मिलित होने हेतु पूर्व अनुमतिः–</u>

किसी कर्मचारी को नियमित अभ्यर्थी के रूप में किसी शैक्षणिक अथवा तकनीकी परीक्षा में सम्मिलित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी, यद्यपि केवल नियुक्ति प्राधिकारी की पूर्व अनुमति के अध्यधीन उसे पत्राचार प्रणाली के माध्यम से अथवा स्वाध्यायी (निजी) अभ्यर्थी के तौर पर योग्यता के उन्नयन हेतु आयोजित शैक्षणिक परीक्षा हेतु आवेदन कर उसमें सम्मिलित होने की अनुमति दी जा सकती है।

12– <u>सेवा में नियुक्ति हेतु आवश्यक शैक्षणिक/तकनीकी योग्यता तथा अनुभवः–</u>

अभ्यर्थी /सेवा के सदस्य, जैसी स्थिति हो, को सेवा में नियुक्ति हेतु अनुसूची–II में दर्शित निर्धारित शैक्षणिक, तकनीकी योग्यता अथवा अनुभव धारण करना होगा जब तक कि अन्यथा इस संबंध में मुख्य न्यायाधीश द्वारा आवश्यक शिथिलता अथवा छूट प्रदान न की गई हो।

13– <u>आयु की गणना की तिथिः–</u>

आयु सीमा की गणना भर्ती के सामयिक वर्ष के 1 जनवरी से की जाएगी।

14– <u>सत्यापनः–</u>

भर्ती प्रक्रिया में चयनित कोई अभ्यर्थी नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा उसके प्रशस्ति पत्रों तथा पूर्व–इतिहास के सत्यापन उपरान्त नियुक्ति प्राधिकारी की संतुष्टि के अध्यधीन नियुक्ति हेतु पात्र होगा।

15– <u>भर्ती एवं परीक्षाः–</u>

भर्ती की प्रक्रिया प्रारम्भ से लेकर पूर्ण होने तक परीक्षा समिति के नियंत्रण व निर्देशों के अन्तर्गत निम्नलिखित रीति से क्रियान्वित की जाएगीः–

(1) परीक्षा समिति राज्य के जिला न्यायपालिका में उत्पन्न होने वाले रिक्तियों को भरने हेतु भर्ती तथा परीक्षा इत्यादि, संबंधी सभी पहल करेगी। परीक्षा समिति यह भी सुनिश्चित करेगी कि आरक्षण नीतियों, रिक्तियों की संख्या पर गौर करते हुए उचित विज्ञापन जारी/प्रकाशित किया गया है तथा

भर्ती प्रक्रिया संबंधी अन्य नियमों तथा अनुदेशों को सम्यक रूप से आत्मसात कर उनका पालन किया गया है। परीक्षा समिति नियुक्ति इत्यादि हेतु परामर्श के संबंध में आवश्यक निर्देश/अनुदेश/रूपरेखा जारी करेगी।

टिप्पणी – जिला न्यायपालिका सेवाओं के समस्त नियमों एवं शर्तों के कड़ाई से पालन पर समुचित ध्यान देगी तथा अपनी स्थापना हेतु विज्ञापित किए जा रहे पदों हेतु पात्रता के निर्धारित मापदण्डों की जाँच करेगी।

(2) अत्यावश्यकता अथवा आकस्मिकता की स्थिति उत्पन्न होने की दशा में मुख्य न्यायाधीश नियमानुसार किसी जिला न्यायपालिका स्थापना को उसी जिले के अन्तर्गत जिला न्यायपालिका की अन्य स्थापना हेतु भर्ती प्रक्रिया संचालित करने हेतु निर्देशित कर सकेंगे।

16– चयन की रीतिः–

अनुसूची–III में क्रमांक 2 पर वर्ग–सी (निज सहायक/न्यायालय उपाधीक्षक को छोड़कर) एवं वर्ग–डी में यथा उल्लिखित ऐसे समस्त पद जो सीधी भर्ती द्वारा भरे जाने हैं तथा जिनमें जिला एवं सत्र न्यायाधीश/कार्यालय प्रमुख नियुक्ति प्राधिकारी हों, हेतु चयन संबंधित स्थापना की परीक्षा समिति द्वारा इस संबंध में राज्य शासन तथा मुख्य न्यायाधीश द्वारा जारी प्रचलित नियमों/निर्देशों/अनुदेशों के अनुसार किए जाएंगे।

17– नियुक्ति आदेश जारी किए जाने से पूर्व की प्रक्रियाएँः–

सीधी भर्ती के मामले में नियुक्ति प्राधिकारी चयनित अभ्यर्थियों के समस्त सुसंगत दस्तावेजों की छानबीन कर अभ्यर्थी की पात्रता/उपयुक्तता के आधार पर विज्ञापित पद पर नियुक्ति हेतु सभी तरह से संतुष्ट होने पर नियमानुसार नियुक्ति आदेश जारी करेगा।

अनुसूचित जाति (अ.जा.)/अनुसूचित जन जाति (अ.ज.जा.)/अन्य पिछड़ा वर्ग (अ.पि. वर्ग) की दशा में अभ्यर्थी को 3 महिने की अवधि के भीतर राज्य शासन की उच्च स्तरीय छानबीन समिति द्वारा जाति प्रमाण–पत्र सत्यापित करवाना होगा। नियुक्ति प्राधिकारी की पूर्वानुमति से उक्त अवधि और 3 महीने तक बढ़ाई जा सकेगी।

18– शारीरिक स्वस्थता से संबंधित शर्तेंः–

नियुक्ति हेतु चयनित कोई भी अभ्यर्थी तब तक नियुक्त नहीं किया जाएगा जब तक वह नियुक्ति प्राधिकारी को संतुष्ट नहीं करता कि वह उसे दिए जा सकने वाले कर्त्तव्यों के निर्वहन हेतु शारीरिक रूप से योग्य है। नियुक्ति प्राधिकारी आदेश द्वारा नियुक्ति हेतु किसी व्यक्ति द्वारा पूर्ण किए जाने वाले शारीरिक मानक निर्धारित कर सकेगा तथा शारीरिक स्वस्थता का प्रमाण पत्र प्रदान करने वाला चिकित्सकीय प्राधिकरण विनिर्दिष्ट कर सकेगा। अभ्यर्थी के शारीरिक स्वस्थता या अन्यथा के संबंध में चिकित्सकीय प्राधिकारी का अभिमत अभ्यर्थी पर बाध्यकारी होगा।

नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा विनिर्दिष्ट चिकित्सकीय प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत न हो पाने वाले नियुक्ति हेतु चयनित अभ्यर्थी को ऐसे प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित होने हेतु एक और अवसर प्रदान किया जाएगा। यदि अभ्यर्थी दूसरे अवसर पर भी चिकित्सकीय प्राधिकारी के समक्ष उपस्थित नहीं हो पाता है तो चयनित अभ्यर्थियों की सूची से उसका नाम हटा दिया जाएगा तथा वह नियुक्ति हेतु पात्र नहीं

रहेगा।

19- आरम्भिक नियुक्ति पर पद ग्रहण करने का समयः-

(1) सीधी भर्ती द्वारा चयनित अभ्यर्थी नियुक्ति आदेश में विनिर्दिष्ट दिनाँक पर अथवा अवधि के भीतर उस पद का कार्यभार ग्रहण करेगा जिस पर वह चयनित हुआ हो।

यद्यपि, यदि अभ्यर्थी द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया जाए, तो नियुक्ति प्राधिकारी, इस बात पर संतुष्ट होने पर कि ऐसा करने हेतु उचित और पर्याप्त कारण हैं, लिखित आदेश द्वारा अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने हेतु उतना अतिरिक्त युक्तियुक्त समय प्रदान कर सकता है जितना वह आवश्यक समझे। स्पष्टीकरण- इस उप-नियम के उद्देश्य हेतु, "नियुक्ति के आदेश की तिथि" से अभिप्रेत है अभ्यर्थी द्वारा व्यक्त पते पर पंजीकृत डाक द्वारा नियुक्ति आदेश के जावक तथा जिला न्यायपालिका की संबंधित वेबसाइट पर अपलोड किए जाने की तिथि।

(2) उपनियम (1) मे विर्निदिष्ट समयावधि में कार्यभार न ग्रहण कर पाने वाले अभ्यार्थी का नाम चयनित अभ्यर्थियों की सूची से हट जायेगा तथा वह अभ्यर्थी उस नियुक्ति हेतु पात्र नहीं रहेगा तथा उस दशा में प्रतीक्षा सूची (वेटिंग लिस्ट) में प्राविण्यता की स्थिति (मेरिट पोजिशन) के आधार पर तत्संबध में परीक्षा समिति द्वारा प्रस्तावित नाम प्राप्त कर नियुक्ति प्राधिकारी अभ्यर्थियों को नियुक्त कर सकेगा।

20- चयन सूची तथा प्रतीक्षा सूची के वैधता की अवधिः-

किसी जिले हेतु किसी विशेष परीक्षा वर्ष में चयन सूची तथा प्रतीक्षा सूची परीक्षा के अंतिम परिणाम की घोषणा अर्थात सम्बंधित सूची के प्रकाशन के दिनांक से एक वर्ष तक मान्य रहेगी ।

21- सीधी भर्ती पर आरक्षण हेतु उपबंधः-

(1) अनुसूचित जातियों, जनजातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग के सदस्यों, महिलाओं, भूतपूर्व सैनिकों तथा शासन द्वारा घोषित समस्त सदस्यों हेतु उस सीमा तक तथा उस रीति से पद आरक्षित किये जायेंगे जो समय-समय पर शासन द्वारा विर्निदिष्ट किये जाए।

परन्तु यह कि किसी जिला विशेष में रिक्त होने वाले पदों पर आरक्षण समय-समय पर शासन द्वारा जारी जिलावार आरक्षण रोस्टर के अनुसार नियंत्रित होगा।

(2) श्रवण, दृष्टि तथा अस्थि से संबंधित शारीरिक बाधाओं से ग्रस्त व्यक्तियों हेतु आरक्षण उन्हें राज्य शासन के नियमों के अनुसार उपलब्ध होगा। दिव्यांगजनों हेतु पद दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 में यथानिर्धारित उनकी अशक्तता के संबंध में आवर्तन (रोटेशन) के आधार पर आरक्षित होंगे।

(3) छत्तीसगढ़ लोकसेवा (महिलाओं की नियुक्ति हेतु विशेष उपबंध) नियम, 1997 के उपबंधों के अनुसार छ.ग. राज्य के स्थानीय महिला अभ्यर्थियों हेतु 30 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण लागू होगा।

(4) सीधी भर्ती हेतु नियुक्तियॉ उस हेतु निर्धारित रोस्टर के अनुसार ही की जाएगी।

(5) दिव्यांग अभ्यर्थियों के मामले में शारीरिक अशक्तता के प्रतिशत का सत्यापन दिव्यांगजन अधिकार अधिनियम, 2016 के अंर्तगत गठित प्राधिकृत चिकित्सकीय बोर्ड द्वारा किया जाएगा।

(6) भर्ती नियमों के अनुसार विचार किए जाने हेतु पात्र सभी अभ्यर्थियों के नाम पर विचारोपरान्त भी यदि उस वर्ग में जिसके लिए पद आरक्षित किये गए है, के उपयुक्त अभ्यर्थियों के उपलब्ध ना होने के कारण खाली रहने वाले आरक्षित पद अग्रेषित किये जाएंगे अर्थात उस आरक्षित वर्ग के उपयुक्त अभ्यर्थी के उपलब्ध होने तक रिक्त रखे जाएंगे। किसी भी दशा में आरक्षित वर्ग की कोई रिक्ति किसी अन्य वर्ग के अभ्यर्थियों द्वारा नहीं भरी जाएगी ।

पदोन्नती द्वारा नियुक्ति

22– **विभागीय पदोन्नति समिति का गठन तथा पदोन्नति हेतु चयन सूची का तैयार किया जानाः–**

(1) कार्यालय प्रमुख संबंधित जिला स्थापना के तीन न्यायिक अधिकारियों की एक विभागीय पदोन्नति समिति गठित करेंगे जिनमें से वरिष्ठतम न्यायिक अधिकारी, अध्यक्ष होंगे तथा अन्य उस समिति के सदस्य होंगे। यदि किसी कुटुम्ब न्यायालय अथवा वाणिज्यिक न्यायालय स्थापना अथवा अन्य किसी जिला न्यायपालिका में विभागीय पदोन्नति समिति के गठन हेतु पर्याप्त संख्या में न्यायिक अधिकारी उपलब्ध नहीं होते है तो स्थापना का कार्यालय प्रमुख, रजिस्ट्री को सूचित करते हुए इस संबंध में जिला न्यायाधीश से निवेदन करते हुए जिले में पदस्थ न्यायिक अधिकारियों की सेवाओं की मांग कर सकेगा।

(2) पदोन्नति हेतु उपयुक्त होने की निर्धारित शर्तों को पूर्ण करने वाले नियमित कर्मचारियों अथवा आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाले स्थायी कर्मचारियों, जैसी स्थिति हो, की पदोन्नति हेतु पदोन्नति सूची विभागीय पदोन्नति समिति द्वारा ''छत्तीसगढ़ लोक सेवा (पदोन्नति) नियम, 2003'' तथा प्रचलित अनुदेशों के उपबन्धों को सम्यक रूप से लागू करते हुए तैयार की जाएगी। जिला न्यायाधीश अथवा प्रधान न्यायाधीश/न्यायाधीश, कुटुम्ब न्यायालय, न्यायाधीश, वाणिज्यिक न्यायालय (जिला स्तर), जैसी स्थिति हो, विभागीय पदोन्नति समिति की अनुशंसा पर विचार करते हुए तथा लागू होने वाले नियमों एवं विनियमों को दृष्टिगत रखते हुए पदोन्नति/नियुक्ति आदेश जारी करेंगे।

(3) एक ही आदेश द्वारा सेवा के किसी संवर्ग में 01 से अधिक सदस्य पदोन्नत होने की दशा में पदोन्नत हुए व्यक्तियों की आपसी वरीयता, निम्नतर वर्ग अथवा उनके संवर्ग में उनकी आपसी वरीयता द्वारा निर्धारित होगी, जब तक कि अन्यथा निर्देशित न किया जाए।

(4) पदोन्नति प्रदान करने की कार्यवाही प्रत्येक वर्ष अप्रैल से जुलाई के बीच की अवधि में नियमित रूप से की जाएगी। इस संबंध में अनुपालन न हो पाने/विफल होने पर उक्त संबंध में तथा उसके कारणों की सूचना रजिस्ट्री को दी जाएगी।

(5) (क) विभागीय पदोन्नति समिति पदोन्नति हेतु लोक सेवकों की उपयुक्तता का मूल्यांकन उनके सेवा अभिलेख के आधार पर तथा अनुसूची में उपबन्धित पदोन्नति हेतु उनकी सेवा के पिछले अर्हक वर्षों के वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदनों पर विशेष ध्यान देते हुए करेगी।

(ख) स्थापना के स्थायी आकस्मिक भुगतान वाले कर्मचारी के पद से नियमित पद (ग्रूप–D) में पदोन्नति के मामले में, उसके कार्य और आचरण प्रतिवेदन/सेवा अभिलेख के साथ–साथ पिछले तीन वर्षों के कार्य अनुभव को ध्यान में रखा जाएगा।

(6) यदि कोई जांच/विभागीय जांच, चाहे वह किसी भी स्तर की क्यों न हो, लंबित है, तो चयन सूची में से कोई भी पदोन्नति करने से पहले शासन के प्रचलित निर्देशों/नियमों के अनुसार सीलबन्द लिफाफे की प्रक्रिया अपनाई जाएगी तथा सीलबन्द लिफाफे के संबंध में निर्णय जांच/विभागीय जांच के परिणाम के आधार पर लिया जाएगा।

(7) कर्मचारी जो पदोन्नति के लिए उपयुक्त नहीं पाया गया है या जिसकी वरिष्ठता प्रभावित हुई है, वह पदोन्नति आदेश/चयन सूची के प्रकाशन की तिथि से तीस दिनों के भीतर अपने नियुक्तिकर्ता/नियंत्रणकर्ता प्राधिकारी के माध्यम से रजिस्ट्रार जनरल के समक्ष अपना अभ्यावेदन प्रस्तुत कर सकता है।

टिप्पणी:- रजिस्ट्रार जनरल को संबोधित कोई भी अभ्यावेदन, यदि कर्मचारी जहां पदस्थ है उस कार्यालय में 30 दिनों के भीतर उचित माध्यम से अग्रेषित करने हेतु, प्रस्तुत किया जाता है तो इसे समय सीमा के भीतर प्रस्तुत किया गया माना जाएगा।

(8) रजिस्ट्रार जनरल, इस तरह के अभ्यावेदन पर विचार करने के बाद, संबंधित जिले के पोर्टफोलिओ न्यायाधीश के अनुमोदन से अपने स्वयं के निर्देश से ऐसी पदोन्नति या चयन सूची को रद्द या संशोधित कर सकता है तथा नियम/निर्देशों के अनुसार नए सिरे से पदोन्नति की कार्यवाही हेतु आदेश दे सकता है।

(9) जिला न्यायपालिका के कर्मचारियों के मामले से निपटने हेतु गठित उच्च न्यायालय की समिति अनुसूची-II में उल्लिखित पद पर, जिसके लिए नियुक्ति प्राधिकारी रजिस्ट्रार जनरल है, नियमानुसार पदोन्नति के लिए विचार करेगी और आदेश देगी।

(10) कोई भी व्यक्ति अधिकार के रूप में पदोन्नति का दावा नहीं कर सकता है। नियुक्ति प्राधिकारी स्थापना में दी जाने वाली पदोन्नति के मामलों के संबंध में प्रचलित नियमों/निर्देशों के अनुसार सभी निर्णय लेगा।

23- वरिष्ठता:-

जिन कर्मचारियों के नियुक्ति प्राधिकारी, जिला न्यायाधीश / प्रधान न्यायाधीश/न्यायाधीश - कुटुंब न्यायालय / न्यायाधीश - वाणिज्यिक न्यायालय (जिला स्तर) हों, उनकी वरिष्ठता छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम 1961" के नियम 12 में निहित प्रावधानों के अनुसार होगी और उनकी वरिष्ठता उनके संबंधित स्थापना स्तर पर बनाए रखी जाएगी।

छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961 के नियम 12 में निहित प्रावधानों के अनुसार, रजिस्ट्री उन कर्मचारियों की वरिष्ठता सूची संधारित करेगी, जिनके नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी रजिस्ट्रार जनरल हैं।

24- आरक्षण :-

अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और अन्य वर्गों के पक्ष में पदोन्नति में आरक्षण, यदि राज्य शासन द्वारा समय-समय पर परिभाषित किया गया है, तो इस संबंध में समय-समय पर किए गए संशोधनों के साथ राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशों/आदेशों के अनुसार होगा।

भाग-IV

परिवीक्षा

25– (1) सीधी भर्ती द्वारा सेवा में सभी नियुक्तियाँ (नियमित पद पर 'आकस्मिकता निधि से वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारी' की पदोन्नति द्वारा की गई नियुक्ति सहित) तीन वर्ष की अवधि के लिए परिवीक्षा पर होंगी या राज्य शासन द्वारा जैसा की समय–समय पर परिभाषित/निर्धारित की जाएँगी।

(2) पदोन्नति द्वारा सभी नियुक्तियां (नियमित पद पर पदोन्नत किए गए आकस्मिक निधि से वेतन प्राप्त करने वाले कर्मचारी को छोड़कर) दो वर्ष की अवधि हेतु स्थानापन्न आधार पर होंगी।

(3) नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख, पर्याप्त कारणों से, स्थानापन्न या परिवीक्षा की अवधि, जैसी भी स्थिति हो, एक वर्ष से अधिक की अवधि के लिए नहीं बढ़ा सकते हैं।

(4) परिवीक्षा/स्थानापन्न की अवधि या परिवीक्षा/स्थानापन्न की विस्तारित अवधि के अंत में, नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख या इस संबंध में गठित समिति, उस पद को धारण करने के लिए नियुक्त या पदोन्नत व्यक्ति की उपयुक्तता पर विचार करेगी जिस पर वह पिछले दो/तीन वर्षों के वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदनों (A.C.R) की जांच करके नियुक्त या पदोन्नत किया गया था, जैसी भी स्थिति हो, वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदनों/ वर्तमान कार्य और आचरण प्रतिवेदन तथा;

(i) यदि यह निर्णय लिया जाता है कि वह उस पद को धारण करने के लिए उपयुक्त है जिस पर वह नियुक्त या पदोन्नत किया गया था, तो नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी उसे परिवीक्षा या स्थानापन्न की अवधि को सफलतापूर्वक पूरा करने की घोषणा करते हुए एक पुष्टि आदेश जारी करेगा, अधिमानतः 03 महीने के भीतर होगा, तथा ऐसा आदेश परिवीक्षा या स्थानापन्न अवधि की समाप्ति की तारीख से प्रभावी होगा, जिसमें विस्तारित अवधि भी शामिल होगी, यदि कोई हो, जैसी भी स्थिति हो;

(ii) यदि यह माना जाता है कि वह व्यक्ति उस पद को धारण करने के लिए उपयुक्त नहीं है जिस पर उसे नियुक्त या पदोन्नत किया गया था, जैसी भी स्थिति हो, तो नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी, आदेश द्वारा: –

(a) यदि वह पदोन्नत है, तो उसे उस पद पर वापस कर देगा जिस पद पर वह पदोन्नति से पूर्व पदस्थ था;

(b) यदि वह परिवीक्षाधीन है, तो उसे सेवा से मुक्त कर देगा।

(5) व्यक्ति की परिवीक्षा या स्थानापन्न अवधि को तब तक सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं माना जाएगा जब तक कि उस संबंध में विशिष्ट आदेश पारित नहीं किया जाता है। इस तरह के आदेश को पारित करने में कारित विलम्ब, के कारण उस व्यक्ति को, परिवीक्षा या स्थानापन्न अवधि का सफलतापूर्वक पूर्ण किये जाने हेतु पात्र नहीं माना जाएगा।

(6) किसी ऐसे व्यक्ति की सेवा को नियमित करने के लिए स्थापना में यदि कोई स्थायी पद नहीं है,

जिसने स्थापना में परिवीक्षा या स्थानापन्न अवधि सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, तो उसे इस संबंध में शासन द्वारा जारी नियमों/निर्देशों के आधार पर यथाशीघ्र एक प्रमाण पत्र अधिमानतः 03 माह के भीतर जारी किया जाएगा।

26- परिवीक्षाधीन व्यक्ति को परिवीक्षा अवधि के दौरान सेवा से मुक्त करना :-

नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी, किसी परिवीक्षाधीन कर्मचारी को, नियुक्ति आदेश में इस संबंध में निहित प्रावधानों के अधीन किसी भी समय एवं समय-समय पर लागू नियमों के अनुसार एक महीने की लिखित सूचना देकर या इसके बदले उस अवधि के लिए उसके वेतन और भत्तों की राशि के बराबर राशि का भुगतान करके, जिसके द्वारा इस तरह की सूचना एक महीने से कम हो जाती है, जैसी भी स्थिति हो, सेवा से मुक्त कर सकेगा। इसी प्रकार नियुक्त कर्मचारी भी एक महीने की लिखित सूचना देकर या इसके बदले उस अवधि के लिए अपने वेतन और भत्तों की राशि के बराबर राशि जमा करके सेवा मुक्त हो सकेगा।

27- परिवीक्षा/स्थानापन्न अवधि के दौरान वेतन वृद्धि :-

परिवीक्षाधीन या पदोन्नत कर्मचारी को शासन के प्रचलित नियमों और निर्देशों के अनुसार वेतन वृद्धियां प्राप्त होंगी।

28- अन्य नियमों, निर्देशों और सेवा शर्तों की प्रयोज्यता :-

राज्य शासन द्वारा अपने कर्मचारियों के लिए निम्नलिखित मामलों में बनाए गए और लागू किए गए नियम "छत्तीसगढ़ जिला न्यायपालिका कर्मचारी सेवा" में नियुक्त कर्मचारियों पर लागू होंगे, जब तक कि इन नियमों के द्वारा अन्यथा निरस्त/परिवर्तित या संशोधित नहीं किया जाता है, और इसके अधीन भी समय-समय पर मुख्य न्यायाधीश द्वारा जारी अनुदेश/निर्देश द्वारा लागू होंगे जो निम्नानुसार है :- (1) वेतन और भत्ते, (2) ग्रेज्युटी (आनुतोषिक), (3) सभी प्रकार के अवकाश, (4) पदोन्नति, (5) अनिवार्य और स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, (6) सेवानिवृत्ति, (7) यात्रा भत्ता, (8) चिकित्सा भत्ता, (9) सामान्य भविष्य निधि, (10) पेंशन/नई जीपीएफ योजना, जैसी भी स्थिति हो, (11) अंशदायी पेंशन योजना, (12) समूह बीमा योजना, (13) अनुशासन एवं नियंत्रण, (14) उच्च अधिकारी को आवेदन पत्र भेजना, (15) सार्वजनिक रूप से कर्मचारियों की संपत्ति की घोषणा, (16) अन्य विभाग में रोजगार की अनुमति, (17) शैक्षणिक योग्यता के उन्नयन की अनुमति, (18) दंड, (19) वार्षिक गोपनीय प्रतिवेदन तैयार करना और संसूचित करना, (20) वार्षिक वेतन वृद्धियां, (21) दीर्घ अवकाश (वेकेशन)/अवकाश और नियुक्त व्यक्तियों की सेवा की अन्य सभी शर्तें।

29- स्थानांतरण और पदस्थापना :-

मुख्य न्यायाधीश, स्वविवेक से, सेवा के किसी भी सदस्य को प्रशासनिक आधार पर किसी अन्य स्थापना में स्थानांतरित और पदस्थ कर सकते हैं।

30- कर्मचारियों के अनुरोध पर अंतरजिला स्थानांतरण :-

(1) ग्रूप-B, ग्रूप-C, और ग्रूप-D के किसी भी कर्मचारी से, अन्य उसी प्रकार की स्थापना में अंतरजिला स्थानांतरण के लिए आवेदन प्राप्त होने पर, जिला न्यायाधीश या प्रधान न्यायाधीश/न्यायाधीश - परिवार न्यायालय / न्यायाधीश - वाणिज्यिक न्यायालय (जिला

स्तर) जैसी भी स्थिति हो, के द्वारा यह सुनिश्चित करने के लिए विचार किया जाएगा कि क्या स्थानांतरण के लिए आवेदन करने वाले कर्मचारी को, सार्वजनिक सेवा में क्षति पहुंचाए बिना वहां से कार्यमुक्त किया जा सकता है ?

(2) संबंधित प्राधिकारी अनुशंसा करते समय स्वीकृत पदों की संख्या, भरे गये पदों की संख्या और रिक्त पदों की संख्या को ध्यान में रखेगा; और इन कारकों को ध्यान में रखते हुए कि स्थापना के कार्य प्रतिकूल रूप से प्रभावित होने या न होने के आधार पर अनुशंसा करेगा।

(3) एकल या आपसी आधार पर अंतर-जिला स्थानांतरण के मामले में, यदि कार्यालय प्रमुख की राय है कि संबंधित कर्मचारी को वहां से सेवामुक्त नहीं किया जा सकता है, तो इस संबंध में उसके कारणों का उल्लेख करते हुए आवेदन को आवश्यक निर्देशों का पालन करते हुए रजिस्ट्री को अग्रेषित किया जाएगा।

(4) पारस्परिक अंतरजिला स्थानांतरण के मामले में जिले में (जहां वह वर्तमान में पदस्थ है) 10 वर्ष की सेवा पूर्ण करने से पहले और व्यक्तिगत अंतरजिला स्थानांतरण के मामले में 15 वर्ष की सेवा पूर्ण करने से पहले अंतरजिला स्थानांतरण के लिए कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। इस संबंध में केवल उन मामलों को अपवादस्वरूप स्वीकार किया जा सकता है जहां कर्मचारी असाधारण कठिनाई दिखाते हुए यह व्यक्त करे कि उसका स्थानांतरण आवश्यक है। इस संबंध में शिथिलता मुख्य न्यायाधीश द्वारा ही प्रदान की जाएगी।

(5) कर्मचारी को उसकी संपूर्ण सेवा अवधि के दौरान उसके स्वयं के अनुरोध (पारस्परिक या व्यक्तिगत स्थानांतरण सहित) पर 02 से अधिक अंतरजिला स्थानांतरण की अनुमति नहीं दी जाएगी। दूसरे शब्दों में, कर्मचारी अपनी पूरी सेवा अवधि के दौरान केवल दो बार (पारस्परिक या व्यक्तिगत स्थानांतरण सहित) इस सुविधा का उपयोग कर सकेगा।

(6) कार्यालय प्रमुख अपने स्तर पर अंतरजिला स्थानांतरण के लिए प्राप्त किसी आवेदन को नस्तीबद्ध नहीं करेगा। इस तरह के आवेदन के साथ सेवा अभिलेख की प्रतियां और विगत वर्षों की गोपनीय प्रतिवेदन की प्रतियां, यदि उपलब्ध हो, जिला न्यायाधीश या प्रधान न्यायाधीश/न्यायाधीश - परिवार न्यायालय/न्यायाधीश - वाणिज्यिक न्यायालय (जिला स्तर) जैसी भी स्थिति हो, की सम्मति या असम्मति पर टिप्पणियों के साथ संबंधित कर्मचारी के स्थानांतरण के संबंध में आगे की कार्यवाही हेतु रजिस्ट्री को अग्रेषित किया जाएगा।

(7) संबंधित स्थापना से वांछित जानकारी रजिस्ट्री में प्राप्त होने पर, उसे स्थापना प्रमुख की टिप्पणी, सम्मति या असम्मति के साथ ही संवर्ग में रिक्त पदों की आरक्षण श्रेणी के साथ उपलब्ध रिक्तियों की जानकारी प्राप्ति हेतु उस स्थापना की ओर प्रेषित किया जाएगा जहां पर स्थानांतरण के लिए निवेदन किया गया है।

(8) एक कर्मचारी जो व्यक्तिगत आधार पर या आपसी सहमति के आधार पर स्थानांतरण चाहता है, उसे जिले की पदक्रम सूची के उस संवर्ग में सबसे नीचे रखा जाएगा, जहां अनुरोध पर उसका स्थानांतरण किया गया है और इसका उल्लेख स्थानांतरण आदेश में भी किया जाएगा।

(9) मुख्य न्यायाधीश को आरक्षित श्रेणी के तहत पदस्थ कर्मचारी को किसी अन्य स्थापना में

अनारक्षित श्रेणी में स्थानांतरित करने की शक्ति होगी।

(10) कोई भी कर्मचारी जिले के भीतर किसी विशेष स्थान पर अपनी पदस्थापना हेतु दावा नहीं करेगा। जिले के भीतर कर्मचारियों की पदस्थापना के संबंध में सभी निर्णय उनके नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी/कार्यालय प्रमुख के आदेश के अनुसार होंगे।

टिप्पणी: कर्मचारी जिसकी लोक प्रशासनिक हित/सिविल जिलें के विभाजन में अबंटित की गई है, अंतरजिला स्थानांतरण हेतु अपनी पिछली स्थापना की सेवा की अवधि की गणना कर सकेगा।

31- कर्मचारियों का स्थानांतरण :-

ग्रूप-B के पद या न्यायालय उपाधीक्षक के पद पर सेवा के सदस्यों को राज्य के किसी भी जिले में नियुक्ति प्राधिकारी द्वारा प्रशासनिक सहमति/अत्यावश्यकता पर, आमतौर पर स्थान विशेष पर उनकी लगातार तीन साल की सेवा पूरी होने पर स्थानांतरित किया जाएगा । इस तरह के स्थानांतरण के मामले में, कर्मचारी अपनी वरिष्ठता धारित करेगा।

यह भी कि, नियुक्ति प्राधिकारी के पास प्रशासनिक हित और अत्यावश्यकता होने पर जब और जैसी आवश्यकता हो, ग्रूप-B संवर्ग के पद या न्यायालय उपाधीक्षक के पद पर रहने वाले सेवा के किसी भी सदस्य को राज्य के भीतर स्थानांतरित करने की सभी शक्तियां होंगी।

32- प्रतिनियुक्ति :-

मुख्य न्यायाधीश द्वारा या किसी समिति या इस उद्देश्य हेतु मुख्य न्यायाधीश द्वारा नामित उच्च न्यायालय के किसी भी न्यायाधीश द्वारा किसी भी पद के कर्तव्यों को पूरा करने हेतु केंद्र सरकार, राज्य शासन, उच्च न्यायालय या जिला न्यायपालिका के किसी भी अन्य स्थापना में सेवा के किसी भी सदस्य को चार साल से अनधिक की निरंतर अवधि हेतु प्रतिनियुक्त किया जा सकता है।

यह भी कि, यदि प्रतिनियुक्ति का उद्देश्य वास्तविक प्रतिनियुक्ति अवधि की समाप्ति से पहले पूर्ण हो जाता है, तो संबंधित अधिकारियों के अनुरोध पर, मुख्य न्यायाधीश कर्मचारी की प्रतिनियुक्ति के संबंध में ऐसा आदेश पारित करेंगे जैसा वह उचित समझे।

यह भी कि, प्रतिनियुक्ति पर भेजे गए व्यक्ति की सेवा को आम तौर पर उस स्थान में संविलियन करने की अनुमति नहीं दी जाएगी जहां वह प्रतिनियुक्ति पर पदस्थ है। इस संबंध में अनुमति उपयुक्त मामले में मुख्य न्यायाधीश द्वारा ही दी जाएगी।

33- पदक्रम सूची (ग्रेडेशन लिस्ट) :-

समस्त जिला न्यायपालिका प्रति वर्ष स्थापना प्रमुख/नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी के द्वारा समय-समय पर अद्यतन और अनुमोदन के अधीन और इस संबंध में समय-समय पर मुख्य न्यायाधीश के द्वारा जारी निर्देश/आदेश के अनुसार सामान्य प्रशासन विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के ज्ञापन क्रमांक सी-3-1/95/3/1 दिनांक 02.02.95 के निर्देशानुसार स्थापना में समूहवार, श्रेणीवार एवं पदवार पदक्रम सूची (ग्रेडेशन लिस्ट) संधारित करेगी जो परस्पर वरिष्ठता के आधार पर होगा।

यह भी कि, जिस पद से विभिन्न पदों पर पदोन्नति रजिस्ट्री द्वारा दी जाती है उस पद की पदक्रम सूची (राज्य स्तरीय) रजिस्ट्री द्वारा नियमानुसार संधारित की जाएगी।

भाग-V

विविध

34- **कार्यालय प्रमुख/स्थापना :-**

जिला न्यायाधीश, प्रधान न्यायाधीश/न्यायाधीश - परिवार न्यायालय / न्यायाधीश - वाणिज्यिक न्यायालय (जिला स्तर) जैसी भी स्थिति हो, "कार्यालय/स्थापना" के प्रमुख होंगे जिनके पास इन नियमों के तहत तथा समय-समय पर मुख्य न्यायाधीश द्वारा जारी निर्देशों के अनुसार स्थापना के कर्मचारियों से संबंधित सभी प्रकरणों के निराकरण करने की शक्तियां होंगी।

35- **प्रशासनिक नियंत्रण :-**

कार्यालय प्रमुख का अपने स्थापना की कार्यप्रणाली और वहां नियुक्त किए गए कर्मचारियों पर पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण होगा।

36- **कर्मचारियों के बीच कार्य वितरण, उनके कर्तव्य और दायित्व :-**

कार्यालय प्रमुख के पास न्यायालयों की कार्यप्रणाली के संबंध में स्थापना के कर्मचारियों के बीच स्थापना के कार्य को आवंटित करने की सभी शक्तियाँ होंगी।

कार्यालय प्रमुख द्वारा स्थापना के कर्मचारियों को आवंटित एवं सौंपे गये कार्य कर्मचारियों के कर्तव्य एवं दायित्व होंगे।

37- **अधिवार्षिकी आयु :-**

मूलभूत नियम के नियम 56(3) एवं मध्य प्रदेश/छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (पेंशन) नियम, 1976 के नियम 42(1)(बी) में निहित प्रावधान के अधीन रहते हुए, सेवा के सदस्य/नियमित कर्मचारी की अधिवार्षिकी आयु वही होगी जो शासन द्वारा समय-समय पर समान संवर्ग के शासकीय कर्मचारियों के लिए विनिर्दिष्ट की जाएगी।

38- **जनहित में सेवानिवृत्ति :-**

इन नियमों या किसी अन्य कानून में निहित कुछ भी होने के बावजूद, नियुक्तिकर्ता प्राधिकारी की यह राय है कि ऐसा करना जनहित में बिलकुल सही है, तो इस संबंध में शासन द्वारा जारी नियमों/निर्देशों के अनुसार उन्हें मुख्य न्यायाधीश के अनुमोदन उपरांत पूर्ण अधिकार होगा कि सेवा के किसी भी सदस्य/नियमित कर्मचारी को जिसने कम से कम बीस वर्ष (20) की सेवा की है या पचास वर्ष (50) की आयु प्राप्त कर ली है (जो भी पहले हो), सेवानिवृत्त कर सकेंगे। इस हेतु उसे कम से कम तीन महीने की लिखित सूचना या ऐसी सूचना के बदले में तीन महीने का वेतन और भत्ता देय होगा।

39- **प्रशिक्षण आदि:-**

(1) सीधी भर्ती द्वारा सेवा में नियुक्त प्रत्येक व्यक्ति ऐसे प्रशिक्षण से गुजरेगा जो मुख्य न्यायाधीश द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाएगा।

(2) सेवा के प्रत्येक सदस्य/नियमित कर्मचारी को ऐसा आवधिक प्रशिक्षण दिया जाएगा जैसा मुख्य न्यायाधीश द्वारा समय-समय पर निर्धारित किया जाएगा।

(3) सेवा का प्रत्येक सदस्य/नियमित कर्मचारी ऐसे परीक्षणों या परीक्षाओं को निर्धारित समय में उत्तीर्ण करेंगे जैसा की समय-समय पर मुख्य न्यायाधीश द्वारा निर्दिष्ट किए गए हों ।

40- लेखा प्रशिक्षण :-

स्थापना पर मूल पद पर कार्यरत कर्मचारियों को ही लेखा प्रशिक्षण हेतु भेजा जायेगा । कार्यालय प्रमुख, स्थापना के कर्मचारियों से आवेदन पत्र आमंत्रित कर उनकी वरिष्ठता के अनुसार उनमें से अधिकम 02 वरिष्ठ कर्मचारियों का चयन करके उन्हें सामान्य प्रशासन विभाग, नया रायपुर के ज्ञापन F-6-4/2016/1-8 दिनांक 05.01.17 और शासन द्वारा समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार प्रत्येक सत्र के लिए लेखा प्रशिक्षण हेतु भेजेंगे। स्थापना प्रमुख, कर्मचारी को प्रशिक्षण में भेजने से पूर्व यह सुनिश्चित करेंगे कि स्थापना का कार्य प्रभावित न हो ।

यह भी कि, कार्यालय प्रमुख के पास ऐसे प्रशिक्षण के लिए पहले से चयनित किसी कर्मचारी के द्वारा इनकार किए जाने पर वरिष्ठता के अनुसार किसी अन्य कर्मचारी को प्रशिक्षण के लिए भेजने की शक्ति होगी।

41- कर्मचारी का स्थानांतरण/पदोन्नति के बाद कार्यभार ग्रहण करना :-

ग्रूप-B के अधिकारियों और न्यायालय उपाधीक्षक सहित सभी कर्मचारी अपने कार्यभार ग्रहण करने संबंधी प्रतिवेदन स्थापना प्रमुख के समक्ष प्रस्तुत करेंगे जहां उन्हें स्थानांतरित/पदोन्नति के बाद पदस्थ किया गया है और ऐसी सूचना कार्यालय प्रमुख द्वारा रजिस्ट्री को भी भेजी जाएगी।

42- कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत अभ्यावेदन :-

छत्तीसगढ़ सामान्य पुस्तक परिपत्र में उपलब्ध निर्देशों के अनुसार कर्मचारी द्वारा (ग्रूप-B अधिकारी व न्यायालय उपाधीक्षक सहित) कार्यालय प्रमुख के किसी भी आदेश (जिसके विरुद्ध लागू नियमों के तहत कोई विशिष्ट उपाय उपलब्ध नहीं है) के विरूद्ध रजिस्ट्रार जनरल को संबोधित अभ्यावेदन सदैव उचित माध्यम से स्थापना प्रमुख से विधिवत अग्रेषित कराकर प्रस्तुत किया जायेगा। इस प्रकार प्राप्त अभ्यावेदन संबंधित जिले के पोर्टफोलिओ न्यायाधीश के अनुमोदन से रजिस्ट्रार जनरल द्वारा विधि अनुसार निर्णित किया जायेगा, जिसके अंतर्गत उक्त प्रकरण/मुद्दा आता है ।

ग्रूप-B अधिकारी/न्यायालय उपाधीक्षक द्वारा रजिस्ट्रार जनरल द्वारा पारित अभ्यावेदक की सेवा से संबंधित आदेश के खिलाफ प्रस्तुत अभ्यावेदन, रजिस्ट्रार जनरल को संबोधित किया जाएगा, परन्तु इस पर संबंधित जिले के पोर्टफोलिओ न्यायाधीश द्वारा निर्णय लिया जाएगा।

यह भी कि, अभ्यावेदन को उचित माध्यम से प्रेषित किये जाने संबंधी प्रावधान उस व्यक्ति पर लागू नहीं होगा जो अभ्यावेदन प्रस्तुत करते समय सेवानिवृत्त हो गया है या सेवा में नहीं है।

आगे यह भी कि, ऐसे कर्मचारी की मृत्यु के मामले में, उसके विधिक परिवारिक सदस्यों के अलावा अन्य कोई भी मृतक कर्मचारी की ओर से अभ्यावेदन प्रस्तुत करने के लिए पात्र नहीं होगा।

43- कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत अपील :-

छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम, 1966, भाग VII के नियम 22 एवं 23 में उल्लेखित प्रावधानों के अनुसार कार्यालय प्रमुख के आदेश के विरूद्ध कर्मचारी (ग्रूप-B अधिकारी, न्यायालय उपाधीक्षक सहित) द्वारा एक अपील सदैव उचित माध्यम से स्थापना प्रमुख से

अग्रेषित कराते हुए सक्षम प्रधीकारी को संबोधित करेंगे, जो कि इन नियमों की अनुसूची–।।। में वर्णित है। इस प्रकार प्राप्त अपील का निराकरण सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधि के अनुसार किया जाएगा ।

यह भी कि, अपील को उचित माध्यम से प्रेषित किये जाने संबंधी प्रावधान उस व्यक्ति पर लागू नहीं होगा जो अपील प्रस्तुत करते समय सेवानिवृत्त हो गया है या सेवा में नहीं है।

आगे यह भी कि, ऐसे कर्मचारी की मृत्यु के मामले में, उसके विधिक परिवारिक सदस्यों के अलावा अन्य कोई भी मृतक कर्मचारी की ओर से अपील प्रस्तुत करने के लिए पात्र नहीं होगा।

44– <u>निर्वचन :–</u>

यदि इन नियमों की व्याख्या के संबंध में कोई प्रश्न उठता है, तो उसे मुख्य न्यायाधीश के समक्ष रखा जाएगा, जिस पर उनका निर्णय अंतिम होगा।

45– <u>शिथिलीकरण :–</u>

किसी भी व्यक्ति के मामले के निपटान हेतु जिन पर ये नियम लागू होते हैं, इन नियमों में कुछ भी मुख्य न्यायाधीश की शक्ति को सीमित या संक्षिप्त नहीं करेगा और मुख्य न्यायाधीश, यदि आवश्यक हो, तो किसी विशेष नियम में छूट या शिथिलीकरण कर सकते हैं, जैसा कि उन्हें उचित और न्यायसंगत प्रतीत हो।

46– <u>अपवित्र प्रावधान :–</u>

(1) सेवा के सभी सदस्य/नियमित कर्मचारी, मुख्य न्यायाधीश के अधीक्षण के अध्यधीन रहेंगे।

(2) छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (सेवा की सामान्य शर्तें) नियम, 1961, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (आचरण) नियम, 1965, छत्तीसगढ़ सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण और अपील) नियम, 1966, छत्तीसगढ़ मूलभूत नियम और अन्य सभी सेवा नियम/निर्देश जो कि छत्तीसगढ़ राज्य शासन के कर्मचारियों पर लागू होंगे जहाँ तक वे इन नियमों से असंगत नहीं हैं और इन नियमों हेतु प्रावधानित नहीं है – सेवा के सदस्यों पर लागू होंगे जो कि ऐसे संशोधन, परिवर्तन तथा अपवाद यदि कोई हो, के अध्यधीन रहेंगे जैसा कि मुख्य न्यायाधीश द्वारा निर्दिष्ट किया गया हो या जैसा समय–समय पर निर्दिष्ट करें।

47– <u>निरसन और व्यावृति :</u>

इन नियमों के लागू होने से ठीक पहले लागू सभी नियम, आदेश, निर्देश और परिपत्र, इन नियमों के अंतर्गत आने वाले प्रकरणों के संबंध में एतदद्वारा निरस्त किए जाते हैं।

यह भी कि, इस तरह निरस्त किए गए नियमों के तहत किए गए किसी भी आदेश या की गई कार्यवाही को इन नियमों के संबंधित प्रावधानों के तहत किया गया या लिया गया माना जाएगा।

अनुसूची - I

(नियम 5 देखें)

वर्गीकरण, वेतनमान एवं पदों की संख्या

क्र०	सेवा में सम्मिलित पद का नाम	कुल पदों की संख्या	नियुक्ति प्राधिकारी	वर्गीकरण	वेतनमान
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)	(6)
1.	प्रशासनिक अधिकारी	49	अनुसूची-III के अनुसार	ग्रूप-B	56100-177500 लेवल-12
2.	वरिष्ठ निज सहायक (शीघ्रलेखक ग्रेड-I)	37*	-तदैव-	ग्रूप-B	43200-136500 लेवल-10
3.	निज सहायक (शीघ्रलेखक ग्रेड-II)	111**	-तदैव-	ग्रूप-C	38100-120400 लेवल-9
4.	न्यायालय उपाधीक्षक	31	-तदैव-	ग्रूप-C	38100-120400 लेवल-9
5.	सहायक प्रोग्रामर	24	-तदैव-	ग्रूप-C	38100-120400 लेवल-9
6.	प्रस्तुतकार ग्रेड-I [जिला न्यायाधीश /अतिरिक्त जिला न्यायाधीश /प्रधान न्यायाधीश / न्यायाधीश - कुटुम्ब न्यायालय / न्यायाधीश - वाणिज्यिक न्यायालय (जिला स्तर)/विशेष न्यायाधीश (एट्रोसिटी)/विशेष न्यायाधीश (सी०बी०आई० न्यायालय)]	237	-तदैव-	ग्रूप-C	38100-120400 लेवल-9
7.	लेखापाल	49	-तदैव-	ग्रूप-C	35400-112400 लेवल-8
8.	शीघ्रलेखक(हिन्दी) (शीघ्रलेखक ग्रेड-III)	334***	-तदैव-	ग्रूप-C	28700-91300 लेवल-7
9.	शीघ्रलेखक(अंग्रेजी) (शीघ्रलेखक ग्रेड-III)	46	-तदैव-	ग्रूप-C	28700-91300 लेवल-7

क्र०	सेवा में सम्मिलित पद का नाम	कुल पदों की संख्या	नियुक्ति प्राधिकारी	वर्गीकरण	वेतनमान
10.	प्रस्तुतकार ग्रेड-II (व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-I)	100	-तदैव-	ग्रुप-C	28700-91300 लेवल-7
11.	सहायक लेखापाल	19	-तदैव-	ग्रुप-C	25300-80500 लेवल-6
12.	प्रस्तुतकार ग्रेड-III (व्यवहार न्यायाधीश, वर्ग-II)	168	-तदैव-	ग्रुप-C	25300-80500 लेवल-6
